प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले मामले में दी जमानत, प्रवर्तन निदेशालय ने सोरेन को 31 जनवरी को किया था गिरफ्तार।

2- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आज संसद के दोनों सदनों में चर्चा शुरू, हंगामें के कारण लोकसभा सोमवार तक हुई स्थगित।

3- मौसम विभाग के अनुसार 30 जून तक पूरे राज्य में मॉनसून की बारिश की संभावना, रांची सहित कई जिलों में आज हो सकती है बारिश।

4- 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता हजारीबाग में हुई शुरू, 15 और 17 वर्ष के आयु वर्ग के बालक–बालिकायें ले रहे हैं भाग।

********************

जमीन घोटाला मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दे दी है। जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। रांची के बड़गाईं अंचल जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर 13 जून को सुनवाई पूरी हो गई थी। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय ने आदेश सुरक्षित रख लिया था।

********************

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआई चार दिनों से हजारीबाग में जांच कर रही है। बुधवार से ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक सीबीआई की टीम ने अपने हिरासत में रखा है। कल दिन भर सीबीआई की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में पूछताछ और साक्ष्य की तलाश करती रही। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को उनके स्कूल के दफ्तर भी लाई थी और वहां भी 2 घंटे पूछताछ की गई।

********************

आज दिन के 12 बजे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही विपक्ष ने फिर नीट मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया. इस कारण लोकसभा की कार्यवाही फिर बाधित हो गयी।. इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

इससे पहले आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में नीट का मुद्दा उठाते हुए उस पर चर्चा की मांग की। हंगामे के कारण स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

********************

रांची पुलिस ने वर्ष 2024 में अबतक नशे के कारोबार में संलिप्त 155 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अफीम, डोडा, ब्राउन शुगर, गांजा काफी मात्रा में बरामद किया गया है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची पुलिस के जरिये विभिन्न थाना क्षेत्रों के सुदूरवर्ती जंगली और दुर्गम क्षेत्रो में अफीम की अवैध फसल को न केवल नष्ट किया गया है। बल्कि विधि–सम्मत कार्रवाई करते हुए कई मामले भी दर्ज किये है। अबतक विभिन्न थाना क्षेत्र में 53 स्थानों पर सैकड़ो एकड़ में की जा रही अफीम की अवैध खेती को नष्ट करते हुए नौ मामले दर्ज किये गये है, जिसमें एक आरोपित की गिरफ्तारी की गई है। इस संबंध में अन्य एजेंसी से समन्वय स्थापित करते हुए अफीम की अवैध खेती का सेटेलाईट ईमेज प्राप्त कर अफीम की खेती वाले हॉट स्पॉट स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई की गयी है।

********************

मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार संजीव लाल और जहांगीर खान की संपत्ति जब्त की जायेगी। इस संबंध में आदेश जल्द जारी किया जाएगा। ईडी की ओर से इस संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संजीव लाल और जहांगीर की गिरफ़्तारी के बाद ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के सहारे खरीदी गयी दोनों की संपत्ति को चिह्नित कर लिया है। संजीव लाल पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के निजी सहायक थे।

********************

गढ़वा जिले में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित औरं उनकी रूचि के अनुसार प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट – विनोद कुमार पाठक, गढ़वा – 49 सेकेंड

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले कुछ हफ्ते से कमजोर पड़ा मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। 30 जून तक पूरे झारखंड में मॉनसून के बादल छाने और बारिश होने की उम्मीद है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव वाला क्षेत्र बना है। वहीं, एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल होते हुए झारखंड और बिहार की ओर बढ़ रहा है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में हलचल होने और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के तेजी से बढ़ने के कारण अगले एक–दो दिन में झारखंड में मॉनसून की बारिश होने लगेगी। आज रांची सहित राज्य के कुछ जिलों में गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ़, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 जून को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह एक सौ 11वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात का यह पहला कार्यक्रम होगा। इसे आकाशवाणी के सभी नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–टयूब चैनलों पर भी इसकी लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगी। आकाशवाणी पर हिन्दी में कार्यक्रम के प्रसारण के तुरन्त बाद इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जायेगा।

********************

63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024–25 का शुभारंभ हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड स्टेडियम में किया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा और जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। खेल का शुभारंभ कटकमसांडी और विष्णुगढ़ के बीच आयोजित मैच से हुआ। प्रतियोगिता में सभी 16 प्रखंडो से 15 और 17 वर्ष के बालक,बालिका अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे। खेल का आयोजन हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड और न्यू स्टेडियम में किया जा रहा है।

********************

देवघर में वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सक्रिय यक्ष्मा रोगी खोज अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर– घर जाकर संभावित टीबी मरीजों की खोज लक्षण के अनुसार कर रही है। इसके साथ ही संभावित रोगियों की टीबी की जांच की जा रही है। जिले में संचालित एसीएफ अभियान की जांच को लेकर स्टेट की दो सदस्यीय टीम देवघर पहुंची है। कल टीम के सदस्यों ने मोहनपुर और सारवां सीएचसी के तहत आनेवाले स्वास्थ्य केंद्र में अभियान की जांच की।

********************

डॉ. ऊषा ठाकुर को हिन्दी साहित्य के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 12वां 'विश्व हिन्दी सम्मान' प्रदान किया गया है। नेपाल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित हिन्दी संवाद कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार दिया गया।

******समाप्त******